E-Mail -dwosamscst@gmail.com
dwosambcebc@gmail.com

# समाहरणालय, समस्तीपुर
## (जिला पिछड़ एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

पत्रांक......179............/जि0पि0क0 दिनांक 06-05-26....../

प्रेषक,

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण पदाधिकारी, समस्तीपुर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय,
बिहार, पटना।

**विषयः–** **पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए समस्तीपुर जिलान्तर्गत संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, समस्तीपुर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में रिक्त स्थानों के विरूद्ध नामांकन हेतु विज्ञापन का अल्पकालीन सूचना प्रकाशन के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, समस्तीपुर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में रिक्त स्थानों के विरूद्ध नामांकन हेतु विज्ञापन राज्य स्तरीय कम से कम 03 से 04 पत्रों में अल्पकालीन सूचना प्रकाशित करने की कृपा की जाय। सुलभ प्रसंग हेतु विज्ञापन की 02 प्रतियाँ USB ड्राइव में संलग्न कर भेजी जा रही है।

Mani 06/05/26

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण
पदाधिकारी,समस्तीपुर। 06/05/26

ज्ञापांक......179............/जि0पि0क0, दिनांक 06-05-26....../

प्रतिलिपि :– सरकार के सचिव, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित। विज्ञापन की प्रति के साथ अनुरोध है कि प्रमुख हिन्दी वं उर्दू समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कराते हुए जिला स्तर पर वृहत रूप से प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, एन0आई0सी0, समस्तीपुर को विज्ञापन की एक प्रति के साथ सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि विज्ञापन की प्रति जिला के बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा करेंगे।

प्रतिलिपि :– आई0टी0 प्रबंधक, समस्तीपुर को विज्ञापन की एक प्रति के साथ सूचनार्थ एवं निदेश है कि विज्ञापन की प्रति जिला के बेवसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

Mani 06/05/26

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण
पदाधिकारी,समस्तीपुर। 06/05/26

# समाहरणालय, समस्तीपुर।

## (जिला पिछडा एव अति पिछडा वर्ग कल्याण कार्यालय)

## अल्पकालीन नामांकन सूचना

पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अति पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए समस्तीपुर जिलान्तर्गत संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास मुक्तापुर एवं अन्य पिछडा वर्ग छात्रावास रोसडा , समस्तीपुर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन के लिए रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0सं0 | छात्रावास का नाम | कोटि | रिक्ति / सम्भावित रिक्ति | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास मुक्तापुर, समस्तीपुर | अति पिछड़ा वर्ग (EBC) | 21 सीटे | |
| 2 | अन्य पिछडा वर्ग छात्रावास रोसडा , समस्तीपुर | अति पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग | 06 सीटे ( 02 EBC / 04 BC) | |

नामांकन हेतु आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन की तिथि से 10.05.2026 से 30.05.2026 तक विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर ऑनलाइन समर्पित किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित छात्रावास अधीक्षक, छात्रावास प्रबंधक–सह–अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी एवं जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, समस्तीपुर से छात्र/अभिभावक द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क किया जा सकता है।

**नामांकन की शर्तेः–**

01 आवेदक अति पिछड़ा वर्ग (EBC) एवं पिछड़ा वर्ग (BC)समुदाय का छात्र हो।
02 5 प्रतिशत सीटे विकलांग छात्रों के लिए आरक्षित है।
03 आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
04 आवेदक समस्तीपुर जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
05 अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
06 छात्र/अभिभावक की अधिकतम आय तीन लाख से कम होनी चाहिए।
07 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता– मैट्रिक पास ।
08 चयन की प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार पूरी की जाएगी।

**आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :–**

01 आवेदन विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर ऑनलाइन किया जा सकता है।
02 आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन अपलोड करना होगाः–
i. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो jpg/jpeg/ Format में।
ii. आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
iii. समस्तीपुर स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन रसीद का प्रमाण PDF Format में।
iv. आधार कार्ड की छायाप्रति PDF Format में।
v. विगत परीक्षा के अंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
vi. आधार सीडिंग बैंक अकाउंट (खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित)
vii. अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding Letter Pdf Format में।
viii. माता पिता/अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित शपथ पत्र।
ix. आवेदक का हस्ताक्षर jpg/jpeg/ Format में।

**आवेदन की प्रक्रियाः–**

1. विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर केवल ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जा सकता है।
2. अधिक सहायता हेतु विभागीय गाइडलाइन्स को संदर्भित किया जा सकता है। अथवा जिला कल्याण कार्यालय, समस्तीपुर में प्रत्येक कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क किया जा सकता है।
3. आवेदन की तिथि– 10.05.2026 से 30.05.2026 तक केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेगें।

06/05/26

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण पदाधिकारी, समस्तीपुर।